**नैक रेटिंग हेतु दिनांक 12.10.2021 को मा0 कुलाधिपति महोदया के समक्ष दिये गये प्रेजेन्टेशन में प्राप्त निर्देशों के कम में दिनांक 23.10.2021 को पूर्वान्ह 10.30 बजे मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त**

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये।

1. प्रो0 समशेर, मा0 कुलपति, हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर।
2. प्रो0 नीरज कुमार सिंह, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. प्रो0 सुनील कुमार, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. प्रो0 प्रदीप कुमार, परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. प्रो0 आर0के0 शुक्ला, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
6. प्रो0 यदुवीर सिंह, अधिष्ठाता–कन्टीन्यूइंग एजूकेशन एण्ड इन्टरनल क्वॉलिटी एश्योरेंस, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
7. प्रो0 आनन्द कुमार, अधिष्ठाता, शैक्षिक कियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
8. डा0 वन्दना दीक्षित कौशिक, कोआर्डीनेटर, ''नैक'', एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

बैठक में मा0 कुलपति महोदय द्वारा ''नैक रेटिंग'' के सम्बन्ध में मा0 कुलाधिपति महोदया के के समक्ष दिनांक 12.10.2021 को दिये गये प्रेजेन्टेशन में प्राप्त निर्देशों के क्रम में समस्त संयोजक–''की इंडीकेटर्स'' को कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया। मा0 कुलाधिपति कार्यालय में प्रेजेन्टेशन के दौरान प्राप्त निर्देशों के कम में निम्नोक्त निर्णय लिये गयेः

1. वर्तमान में विश्वविद्यालय में चल रहे Curricular को पुनरीक्षित किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हैं और वर्तमान परिवेश में इसकी आवश्यकता भी है। अतः इस सम्बन्ध में दिनांक 28.10.2021 को समस्त विभागाध्यक्षों के साथ आहूत बैठक में विस्तृत चर्चा करते हुए पुनरीक्षण का कार्य सम्पादित किया जाए।
2. शुल्क संरचना पर अधिष्ठाता शैक्षिक क्रियाकलाप द्वारा पुर्नविचार किये जाने हेतु समस्त पहलुओं के दृष्टिगत सुविचारित प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा।
3. स्कूल ऑफ केमिकल टेक्नॉलोजी के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के नाम निर्धारण हेतु अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद स्तर पर कार्यवाही की जाए। इस हेतु अधिष्ठाता स्कूल ऑफ केमिकल टेक्नालोजी एक सप्ताह में कार्यवाही सम्पादित करेंगे।
4. समस्त नैक संबंधी कार्यो के कुलाधिपति महोदया स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन हेतु दिनांक 28.10.2021 को अपरान्ह 2.00 बजे समस्त अधिष्ठातागण, समस्त संयोजक–की इंडीकेर्टस, समस्त विभागाध्यक्षगणों एवं अन्य संबंधितों की

Scanned by CamScanner

एक बैठक कोआर्डीनेटर नैक द्वारा आहूत की जाए तथा उक्त बैठक में दिनांक 12.10.2021 को मा0 कुलाधिपति महोदया/श्री राज्यपाल, उ0प्र0 के स्तर से प्राप्त निर्देशों पर चर्चा कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

5. "एन0ई0पी0 कार्यान्वयन प्रकोष्ठ" की स्थापना की जाए। उक्त प्रकोष्ठ में प्रो0 रघुराज सिंह, प्रो0 आनन्द कुमार, प्रो0 यदुवीर सिंह एवं प्रो0 अलक कुमार सिंह को सम्मिलित किया जाए।

6. डा0 यदुवीर सिंह, अधिष्ठाता, सतत शिक्षा एवं आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन द्वारा सर्वसम्बन्धितों से फीड-बैक फार्म भरवाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।

7. अधिष्ठाता-छात्र कल्याण द्वारा प्रत्येक माह के अन्तिम सप्ताह में कक्षा प्रतिनिधियों के साथ बैठक सुनिश्चित कर छात्रों की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

8. श्री एम0डी0 सिंह, सिस्टम मैनेजर से यह अपेक्षा की गयी कि वे छात्र समस्याओं को आनलाईन प्राप्त करने एवं उसके निराकरण हेतु संबधित को ऑन लाईन अग्रसारित करने की व्यवस्था करें।

9. अधिष्ठाता-शोध एवं विकास से अपेक्षा की गयी कि वे विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा प्राप्त किये जाने वाले अवार्डस को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अनिवार्य रूप से अपडेट करवाया जाए।

10. प्रत्येक छात्रावास में एक रीडिंग रूम की व्यवस्था की जाए। उक्त कार्य अधिष्ठाता-छात्र कल्याण स्तर से कराया जाएगा।

11. प्रोफेसर इंचार्ज, लाईब्रेरी से अपेक्षा की गयी कि वे पुस्तकालय का समय बढ़ाये जाने हेतु एक सुविचारित प्रस्ताव 15 दिवस में प्रस्तुत करेंगे।

12. विश्वविद्यालय के कार्यो के सुचारू संचालन, प्रयोगशालाओं के अधिकतम उपयोग एवं पठन-पाठन एवं शोध कार्यो को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से यह निर्धारित किया गया कि विश्वविद्यालय के सभी भवनों के अन्दरूनी कक्षों की चाबियां संबंधित शिक्षकों/अधिष्ठातागणों/विभागाध्यक्षगणों/अनुभाग प्रभारियों के पास रहेंगी एवं मुख्य द्वार की चाबियां विश्वविद्यालय में स्थित सुरक्षा कक्ष में रखी जाएं ताकि यथा आवश्यकता उक्त कक्ष से ही चाबियां प्राप्त करते हुए विभाग/अनुभाग को खोला जा सके। इस सम्बन्ध में समस्त पहलुओं को दृष्टिगत रखते हुए एक समेकित प्रस्ताव कुलसचिव द्वारा 15 दिवस में प्रस्तुत किया जाए।

Scanned by CamScanner

13. परीक्षा नियंत्रक द्वारा छात्र फीडबैक हेतु एक फार्म तैयार कर वेबसाईट पर अपलोड कराया जाएगा जो कि प्रवेश पत्र डाउनलोड करते समय छात्र को पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

14. छात्रों द्वारा अदेयता प्रमाण पत्र प्राप्त करते समय एक फार्म भी पूर्ण करना होगा जिसका प्रारूप अधिष्ठाता शैक्षिक कियाकलाप द्वारा तैयार किया जाएगा तथा जिसमें उसके सेवायोजन/उच्च शिक्षा का पूर्ण विवरण अंकित हो।

15. बैठक में यह भी निर्णित हुआ कि ए0आई0एस0एच0ई0 एवं एन0बी0ए0 कार्य हेतु डा0 वी0के0 यादव को कोआर्डीनेटर नामित किया जाए।

बैठक में यह निर्धारित हुआ कि कम संख्या 5, 12 एवं 15 पर कुलसचिव स्तर से कार्यवाही करते हुए आदेश निर्गत किये जाएं तथा अन्य बिन्दुओं पर जो उत्तरदायित्व जिन अधिष्ठाताओं/शिक्षकों/अधिकारियों को सौंपे गये हैं वे उस संबंध में कृत कार्यवाही से दिनांक 28.10.2021 की बैठक में अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक मा0 कुलपति महोदय के प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई।

(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)
कुलसचिव

**कार्यालय कुलसचिव**
**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय**
**कानपुर–2**

संख्याः 406 /कुस0कार्या0/2021 दिनांकः अक्टूबर 27, 2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति महोदय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
2. समस्त प्रतिभागी/संबंधित, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. वित्त नियंत्रक/कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. श्री एम0डी0 सिंह, सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Scanned by CamScanner